दिनांक 23 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शरीर में कमजोरी और थकावट थी , मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के स्वास्थ्य शिविर में प्राप्त दवाई खाने से मिली राहत

- मुफ्त में हर कोई आकर स्वास्थ्य शिविर में इलाज कराना चाहता है , सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना से सभी लोगों में खुशी की लहर है

भिलाई नगर/ घर के पास मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना की मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन आने से बहुत सी सहायता स्वास्थ्य को लेकर मिल रही है! कहीं जाने का समय नहीं मिलता है परंतु स्वास्थ्य शिविर घर के पास ही सुविधा दे रही है! स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से हर चीज की सुविधा यहां पर अच्छी है! ब्लड प्रेशर एवं शुगर जैसी हर प्रकार की जांच सुविधा शिविर में उपलब्ध है! घुटने में परेशानी थी और शरीर में थकावट तथा कमजोरी थी! स्वास्थ्य शिविर में प्राप्त दवाई का उपयोग करने से राहत मिली है! लोग शिविर में समय समय पर आते हैं, और चिकित्सा सलाह भी प्राप्त करते हैं! स्वास्थ्य शिविर में आकर हर कोई अपना मुफ्त इलाज करा रहा है!

बबीता- पावर हाउस भिलाई

अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराने मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में आई हूं! मैंने यहां के लैब में थायराइड, बीपी, शुगर एवं हिमोग्लोबिन का टेस्ट कराया है! स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रकार की सुविधा मोबाइल मेडिकल यूनिट के वाहन में मौजूद है! गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यह योजना वरदान है! मुफ्त इलाज , मुफ्त दवाइयां मिल रही है!

गुरिंदर कौर

इस योजना के आने से बहुत खुशी हुई है घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है बीपी और शुगर जैसे अन्य बीमारियों का फ्री में टेस्ट हो रहा है! स्वास्थ्य शिविर में आकर सीधे चेक करा सकते हैं , कहीं लाइन लगने की जरूरत नहीं है , बहुत अच्छी सुविधा यहां मिल रही है!

जनसम्पर्क अधिकारी